


धुर्वा स्थित शहीद मैदान में सोमवार को सभा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी. उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत करते आलमगीर आलम, राजेश ठाकुर, बंधु तिर्की, सुबोधकांत सहाय व अन्य नेतागण. फोटो : रमीज

### राहुल गांधी खूंटी में आज करेंगे रोड शो

## राहुल आज बिरसा मुंडा के परिजनों से करेंगे मुलाकात

संवाददाता। खूंटी/रांची

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में राहुल गांधी मंगलवार की सुबह लगभग सात बजे भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू (खूंटी) जाएंगे. उलिहातू में वे भगवान बिरसा मुंडा को नमन करेंगे और बिरसा मुंडा के वंशजों से मुलाकात के लिए यहां टेंट लगाया गया है. राहुल गांधी के रात्रि विश्राम स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. मंगलवार की सुबह वे उलिहातू के लिए रवाना होंगे. और खूंटी में रोड शो भी करेंगे. इसके बाद सिमडेगा के लिए रवाना हो जाएंग. बता दें कि राहुल गांधी सोमवार को रामगढ़ से होते हुए रांची पहुंचे और एचईसी परिसर स्थित शहीद मैदान में जनसभा को संबोधित कर वे खूंटी के कचहरी मैदान पहुंचे.

खूंटी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्र के नेतृत्व भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भव्य स्वागत किया गया. बड़ी संख्या में लोग राहुल गांधी की एक झलक पाने के लिए पहुंचे. मंगलवार की सुबह आयोजित होनेवाले कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में लोग उनका स्वागत करेंगे. पूरे शहर को होर्डिंग और बैनर-पोस्टर से पाट दिया गया है. उनके स्वागत को लेकर कटआउट और होर्डिंग लगाए गए हैं. खूंटी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी कांग्रेसी जुटे हुए हैं. राहुल गांधी के खूंटी के कचहरी मैदान में रात्रि विश्राम को लेकर टीम के लोग एक दिन पहले से जुट गये थे. भारत जोड़ो न्याय यात्रा का खूंटी में भव्य स्वागत करने की तैयारी की गयी थी. कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण मुंडा और जिलाध्यक्ष रवि मिश्र के नेतृत्व में खूंटी में तैयारी की गयी थी.

### बुनकरों से संवाद किया उनकी समस्याएं जानी

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार की सुबह नौ बजे रामगढ़ से चुटुपालू घाटी स्थित शहीद टिकैत उमरांव सिंह व शेख भिखारी शहादत स्थल पहुंची. राहुल गांधी ने शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इसके बाद चुटुपालूचौक, पालूचौक के बाद उकरीद ग्राम स्थित अनिल लाइन होटल में एक घंटा रुके और नाश्ता किया. इसके बाद यात्रा शुरू की. इसके बाद ओरमांझी थाना चौक, लाल बहादुर शास्त्री चौक होते हुए यात्रा चकला मोड़ होते हुए इरबा पहुंची, जहां राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया गया. राहुल गांधी ने निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुनकरों से मिलक र संवाद किया. इस दौरान राहुल गांधी को बुनकरों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया.

### रिम्स ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|
| सर्जरी | डॉ विनय प्रताप |
| ऑर्थोपेडिक | डॉ जीके गुप्ता |
| न्यूरोसर्जरी | डॉ आनंद प्रकाश |
| टीबी एवं चेस्ट | डॉ ब्रजेश मिश्रा |
| ईएनटी | डॉ संदीप कुमार (पहली पाली), डॉ बिनोद कुमार सिन्हा (दूसरी पाली) |
| नेत्र | डॉ राहुल कुमार |
| सायकेट्री | डॉ अजय बाखला |
| सीटीवीएस | डॉ विनीत महाजन |
| कार्डियोलॉजी | डॉ हेमंत नारायण |
| नेफ्रोलॉजी | डॉ प्रज्ञा पंत |

### शहर में आज

1. विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही दिन के 11 बजे से
2. राजभवन का उद्यान आम लोगों के लिए दिन के 10 बजे खुलेगा
3. एचईसी मुख्यालय के समक्ष मजदूरों का प्रदर्शन सुबह 8 बजे से
4. मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा दिन के 10 बजे से
5. शहर के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रम

### योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारना प्राथमिकता: सचिव

रांची। भारतीय प्रशासनिक सेवा वरीय अधिकारी अरवा राजकमल ने सोमवार को नगर विकास एवं आवास, उत्पाद एवं मद्य निषेध तथा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रभारी सचिव पद का पदभार ग्रहण किया. पदभार ग्रहण करने के बाद सचिव राजकमल ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया. मौके पर सुडा के निदेशक अमित कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव मनोहर मरांडी, जुडको के परियोजना निदेशक तकनीकी गोपाल जी, परियोजना निदेशक प्रशासन अरविंद कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक वित्त अमित चक्रवर्ती, रांची स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंद कुलियार सहित कई अन्य पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने सचिव को बुके देकर स्वागत किया.

# एचईसी को कभी बंद नहीं होने देंगे : राहुल गांधी

संवाददाता। रांची

धुर्वा के शहीद मैदान में सोमवार को राहुल गांधी की जनसभा हुई. जनसभा में राहुल गांधी ने एचईसी के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर जमकर वार किए. कहा कि किसी भी हाल में एचईसी को बंद नहीं होने देंगे. एचईसी के साथ अन्याय क्यों हो रहा है? केंद्र की सरकार इसे अडाणी को बेचना चाह रही है. एचईसी के लोगों को बेरोजगार करना चाहती है. लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी. वहीं, एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने राहुल गांधी से मुलाकात कर एचईसी के मुद्दे से उन्हें अवगत कराया. इसपर राहुल ने इस मुद्दे को संसद में उठाने का दिया आश्वासन दिया. दरअसल सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा रांची के शहीद मैदान पहुंचा. एचईसी की जनता हजारों की संख्या में राहुल गांधी को सुनने पहुंची. सभी के हाथों में एचईसी बचाओ लिखी तख़्तियां थी.

**सातों यूनियन के नेता राहुल से मिले :** शहीद मैदान के कार्यक्रम की शुरुआत से पहले मंच के पीछे बने कमरे में एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की. उन्होने पांच सूत्री मांग का ज्ञापन राहुल गांधी को सौंपा. इसपर राहुल ने इन मुद्दों को संसद में उठाने का आश्वासन दिया. इस दौरान सातों यूनियन के प्रतिनिधिमंडल मौजूद थे.

### पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा

1. नीति आयोग सदस्य डॉ बी के सारस्वत की अनुशंसा अनुसार एचईसी का आधुनिकीकरण सुनिश्चित
2. बैंक गारंटी की पुरानी व्यवस्था को शुरू कर अविलंब कार्यशील पूंजी की व्यवस्था सुनिश्चित
3. एचईसी कर्मियों के 20 महीनों का बकाए वेतन का भुगतान और संविदा पर काम कर रहे कामगारों का नवीनीकरण
4. एचईसी में स्थाई प्रबंध निदेशकों की नियुक्ति
5. सभी बड़े उद्योगों और संवेदनशील क्षेत्रों में एचईसी को योग्य आदेश दिलाएं




### राहुल से मिला सामाजिक संगठन का प्रतिनिधिमंडल

रांची। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दैरान रांची में समाजिक संगठन के प्रतिनिधिमंडल नें राहुल गांधी से मुलाकत कर कहा कि मोदी सरकार व भाजपा के हमलों जैसे हमले हो रहे हैं, उससे यह लगता है कि देश को हिंदू राष्ट्र बनाना है. सांप्रदायिकता, यूएपीए, सीएए समेत दमनकारी कानून, आदिवासी-दलितों को फर्जी मामले में फंसाना, बढ़ती गैर बराबरी, बेरोजगारी, बहुजन समाज की नौकरी में कम प्रतिनिधित्व आदि पर विस्तृत चर्चा किया. कांग्रेस समेत सभी विपक्षी गठबंधन को मोदी सरकार के विनाशकारी नीतियों के विरुद्ध जन पक्षीय कानूनों व नीतियों के लिए स्पष्ट व साझा प्रतिबद्धता दर्शाने की जरूरत है.

**सभा में रहे मौजूद :** एचईसी श्रमिक कर्मचारी यूनियन के प्रकाश कुमार, मनीष कुमार, राजेश कुमार, संजय सिन्हा और शुभाष चौधरी, हटिया मजदूर यूनियन के महेंद्र कुमार, दीपक कुमार, भवन सिंह, हरेंद्र यादव, हटिया कामगार यूनियन के एम.पी. रामचंद्र, आर.के. शाही, अर्जुन, राम सुंदर स्वामी, अमरेंद्र कुमार, दिलीप सिंह, मनोज पाठक, वाई. त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, राम कुमार नायक, कमल महली, चिराग बारला, सुनील तिर्की, हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के लीलाधर सिंह, गिरिश चौहान, एसजे मुखर्जी, सन्नी सिंह,प्रकाश कुमार आदि मौजूद थे.

## गवर्नर वही करते हैं, जो केंद्र से कहा जाता है: जयराम रमेश

संवाददाता। रांची

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि गवर्नर वहीं करते हैं, जो गृह मंत्रालय और पीएमओ से कहा जाता है. न्याय यात्रा के दौरान जयराम रमेश मीडिया से बात कर रहे थे. उन्होंने झारखंड की राजनीतिक हालात पर कहा कि सभी जगहों पर गवर्नर पक्षपात करते हैं. चाहे तमिलनाडु, केरला,जम्मू कश्मीर, मणिपुर, बिहार, झारखंड जैसे राज्यों में देख सकते हैं. गवर्नर वही करते हैं, जो गृह मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय से कहा जाता है.

**राहुल गांधी ने वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किया:** सोमवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रामगढ़ से शुरू हुई. रांची आने के क्रम में उनका काफिला चुटुपालू घाटी में शहादत स्थल रुका. यहां राहुल गांधी ने 1857 की क्रांति के वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किया.

### न्याय मिलने तक करेंगे संघर्ष: सुबोधकांत

कांग्रेस के पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय ने कहा कि न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी दुनिया के एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने 10 हजार किलोमीटर की यात्रा की. वे एचईसी की लड़ाई लड़ रहे हैं. चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश नाकाम हुई. आपकी सरकार असेंबली में जीत गई. उन्होंने कहा कि हमने किया है तो हम ही करेंगे. 2024 में अपनी सरकार बनाएंगे. सुबोधकांत सहाय धुर्वा के शहीद मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि अगर नरेंद्र मोदी की आंख में आंख डाल तक बात करने वाला कोई नेता है तो वह राहुल गांधी हैं. प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पाकुड़ से रांची तक में इस यात्रा को अपार समर्थन मिला है. यह सभा नेहरू जी की दी हुई जमीन में हो रही है. एचईसी को बेचने की साजिश हो रही है. इस साजिश को नाकाम कर देंगे. आने वाला समय राहुल गांधी है. जनसभा में प्रमुख रूप से कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश, कन्हैया कुमार, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, आलमगीर आलम, स्टीफन मरांडी, बादल पत्रलेख आदि मौजूद रहे.

## पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की पर पीएलआई दर्ज कराया जाएगा

संवाददाता। रांची

जनजाति सुरक्षा मंच ने पत्र जारी कर कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री के खिलाफ पीएलआई दर्ज कराया जाएगा, क्योंकि बंधु तिर्की ईसाई धर्म से हैं और ईसाई को पिछड़ी जाति में रखा गया है. कहा कि 24 दिसंबर को डीलिस्टिंग रैली से धर्मांतरित लोग डरे हुए हैं. खासकर चर्च और ईसाई समुदाय में खलबली मची हुई है, क्योंकि लंबे समय से धर्मांतरित लोग आदिवासियों के आरक्षण का लाभ लेते आ रहे हैं. जनजाति सुरक्षा मंच के सोमा उरांव ने कहा कि ईसाइयों को भारत और झारखंड सरकार के आरक्षण रोस्टर में पिछड़ी जाति में रखा गया है और मूल आदिवासियों के आरक्षण का लाभ ईसाई उठा रहे हैं.

सोमा ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में आदिवासियों के लिए सीटें आरक्षित की गयी हैं और आदिवासियों की आरक्षित सीट पर धर्मांतरित लोग चुनाव जीतते आ रहे हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. हम ऐसा नहीं होने देंगे.

## लड़े हैं, लड़ेंगे! जीते हैं, हम जीतेंगे : कल्पना

संवाददाता। रांची



### खास बात

- 'एक्स' पर एक पोस्ट पर कहा- अब मैं संभालूंगी यह एकाउंट

झामुमो नीत गठबंधन के झारखंड विधानसभा में बहुमत साबित करते ही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि अन्याय और उत्पीड़न' के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी. कल्पना सोरेन (48) ने कहा, मैंने लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ती रहूंगी. हम जीते हैं, और हम जीतेंगे. उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कह, जब तक झारखंड के योद्धा (हेमंत सोरेन) केंद्र और भाजपा की साजिश को हरा कर हमारे साथ नहीं आ जाते, तब तक यह एकाउंट मैं संभालूंगी. हमारे वीर पूर्वजों ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अब समय फिर आ गया है. आपका प्यार और आशीर्वाद वैसा ही बना रहे. मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो नीत गठबंधन सरकार ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया. गृहिणी कल्पना एमटेक और एमबीए की पढ़ाई कर चुकी हैं. उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा ओडिशा के मयूरभंज जिले के बारीपदा में पूरी की और भुवनेश्वर में अलग-अलग संस्थानों से इंजीनियरिंग और एमबीए की डिग्री प्राप्त की.

## अवैध कोयला ढोने वालों संग भी फोटो अपॉर्चुनिटी : प्रतुल

संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राहुल गांधी की तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, जिसमें वह अवैध कोयले की ढुलाई कर रहे लोगों के साथ फोटो खिंचवा रहे थे. प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के राजकुमार इसी तरीके से झारखंड के भोले भाले आदिवासी मूलवासी जनता को प्रतिदिन 500 -700 रुपए देकर आपकी गठबंधन सरकार में अवैध कोयले की ढुलाई करवा कर कोयले का काला रैकेट चलता है. इस कोयले के काले रैकेट को चलाने वाले लुटेरे तो अरबों रुपए कमा लेते हैं, ठगी रह जाती है, तो इस प्रदेश की गरीब आदिवासी मूलवासी जनता. प्रतुल ने कहा कि दिखावे के लिए कभी कभी मुकदमा भी होता है, तो इन्हीं ढुलाई करने वाले गरीबों पर होता है, रैकेट चलाने वालों पर कभी नहीं होता. प्रतुल ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वैसे भी कोयला और कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है.

**त्वरित टिप्पणी**

### विधानसभा में फुल व फल वाले गठबंधन की भी घंटी बज गयी


## राज्य की धर्मनिरपेक्ष शक्तियां सतर्क रहें

**विधानसभा में फ्लोर टेस्ट**



प्रकाश विप्लव

झारखंड विधानसभा में सोमवार को विश्वास मत पर हुए फ्लोर टेस्ट में जहां चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के पक्ष में 47 मत पड़े, वहीं भाजपा-आजसू गठबंधन को मात्र 29 विधायकों का समर्थन मिला. विश्वास मत के पक्ष में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बड़ी ही शालीनता और आत्मविश्वास के साथ भाजपा की साजिशों को रेखांकित किया. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार गिराने के षड्यंत्र में राजभवन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे झुके नहीं और झारखंड को अपमानित करने वाली ताकतों का मुंहतोड़ जवाब देंगे. नेता विपक्ष अपने खोखले तर्कों से यह साबित करने में असफल रहे कि भाजपा में शामिल होने वाला भ्रष्टाचारी कैसे दूध का धुला हो जाता है.



झारखंड में चंपई सोरेन की सरकार ने प्रचंड बहुमत से विश्वास मत हासिल कर लिया और पिछले 31 जनवरी से जारी राजनीतिक घटनाक्रम का पटाक्षेप भी हो गया. वैसे भाजपा की साजिश बड़ी थी. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उसने राजभवन का इस्तेमाल कर महामहिम की मार्फत दो बार इसी अवधि में मीडिया राज्य में राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा भी केंद्र को भेज दी थी. उधर कुछ मीडिया में गठबंधन में टूट की अफवाह फैलायी जा रही थी. लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली राज्य की जनता भी आरएसएस-भाजपा की इस चाल को समझ गयी है और अंदर ही अंदर सुलग रही है. अपनी विभाजनकारी राजनीति से वे बाज नहीं आयेंगे, इसलिए वक्त का तकाजा है कि झारखंड की धर्मनिरपेक्ष शक्तियां सजग और सतर्क रहें.

**(लेखक माकपा के राज्य सचिव हैं)**

### आदिवासी की चिंता थी तो अलग झारखंड राज्य क्यों नही दिया : बाबूलाल मरांडी

## 'आदिवासियों का विकास कांग्रेस के एजेंडे में नहीं'

संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राहुल गांधी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी. कहा कि कांग्रेस के राजकुमार को आज आदिवासी, दलित, पिछड़ों की याद आ रही है, लेकिन अब पछताए क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत. जितनी यात्रा कर सकते हैं, कर लें. लेकिन जनता का विश्वास कांग्रेस से उठ चुका है. कांग्रेस ने आदिवासी, दलित, पिछड़ों को केवल वोट बैंक समझा. इनके उत्थान की चिंता कभी नही की. अगर कांग्रेस पार्टी को आदिवासी विकास की चिंता होती तो अलग झारखंड राज्य का सपना पूरा करने के लिए भाजपा के सरकार की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती. कांग्रेस पार्टी तो आंदोलन का मोलभाव करती रही. दलितों का सम्मान कांग्रेस पार्टी कितना करती है, यह तो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न कब मिला और किसने दिया, इसी से पता चलता है. धारा 370 के कारण जम्मू कश्मीर के दलित समाज ने आजाद भारत में को दंश झेला उसका जवाब कांग्रेस पार्टी को देना चाहिए.

### भाजपा अंत्योदय के संकल्पों के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है : बाबूलाल

भाजपा अंत्योदय के संकल्पों के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है. भाजपा सरकार की योजनाएं आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है, जिसे जनता महसूस कर रही है. प्रधानमंत्री आवास, जन धन योजना, आयुष्मान योजना, उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण, पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं इन्ही वर्गों को लाभान्वित कर रही हैं.



अटल जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने केवल अलग राज्य नही दिया, बल्कि केंद्र में अलग आदिवासी मंत्रालय बनाए. संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का कार्य अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने किया. आज मोदी सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली को नमन किया ,जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया. आज केंद्र सरकार ने जनजाति समाज के 8 मंत्री हैं. यही कांग्रेस है, जिसने देश की पहली आदिवासी महिला के राष्ट्रपति बनने का विरोध किया.

# बजट पर चर्चा एक्सआईएसएस की वार्षिक विशेषता बन गयी है

संवाददाता। रांची



जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस में सोमवार को फादर माइकल वॉन डेन बोगार्ट ऑडिटोरियम में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन एक्सआइएसएस के मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम और मार्कबज क्लब द्वारा किया गया था. एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ. जोसेफ मारियानस कुजूर ने स्वागत भाषण करते हुए केंद्रीय बजट पर परिचर्चा पर खुशी साझा करते हुए कहा कि ये प्रोग्राम अब संस्थान की एक वार्षिक विशेषता बन चुकी है. चर्चा का माहौल तैयार करते हुए उन्होंने विकसित भारत के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री के नारे - सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्व और सबका प्रयास पर जोर दिया. उन्होंने पूंजीगत व्यय -परिव्यय पर एक अंतर्दृष्टि पर प्रकाश डालते हुए बजट 2024 का एक संक्षिप्त प्रतिबिंब साझा किया. उन्होंने कहा

### बोले निदेशक

- एक्सआईएसएस में केंद्रीय बजट पर हुई चर्चा
- जीडीपी में 7.3% की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है

कि जहां तक विकास अनुमान का सवाल है, बजट में भारत की वास्तविक जीडीपी में 7.3% की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक विकास के लिए व्यापक कर सुधार आवश्यक है. हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कुछ आलोचकों का कहना है कि विभिन्न क्षेत्रों और जनसांख्यिकी के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करने के लिए अधिक लक्षित नीतियां बनाई जानी चाहिए.

पैनल चर्चा की शुरुआत वित्तीय प्रबंधन कार्यक्रम के छात्र टीमों अभिनव विजय और अनुभव यश द्वारा बुनियादी ढांचे पर बजट अंतर्दृष्टि प्रस्तुत करने के साथ हुई. मानव संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम की श्रेया समुई और सिमरन छाबड़ा ने समाज कल्याण पर अंतर्दृष्टि प्रस्तुत की और विपणन प्रबंधन कार्यक्रम के सत्यम कुमार और अंजलि गुप्ता ने बुनियादी ढांचे और निवेश पर चर्चा की और ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम की अंतिम छात्र टीम सादिया और धनेश गोप ने शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल पर चर्चा की.

संकाय पैनल चर्चा में डॉ. अमर तिग्गा, डीन एकेडमिक्स ने पूंजी निवेश पर ध्यान केंद्रित किया और कहा कि बजट 2024 आगामी नौकरी के अवसरों से चूक गया, जबकि एक सबसे आकर्षक बात यह थी कि इसमें नवाचार और प्रौद्योगिकी के लिए बहुत सारे धन आवंटित किए गए हैं. सत्र का समापन एक ओपन हाउस क्विज़ और प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ. जिसके बाद उन्हें प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

## न्यूज अपडेट

### चडरी मौजा में हुई गावा देवती की पूजा



**रांची।** चडरी सरना समिति के तत्वावधान में सोमवार को चडरी मौजा में सैकड़ों लोगो ने गुड्डु पाहन की अगुवाई में गावा देवती की पूजा की गई. कहा कि मुंडा गांव में तीन वर्षों में गावा देवती की पूजा की जाती है और भेड़ा, रंगवा, चरका, काली तांबी, देसी अंडा की बलि देकर ग्राम देवती एवं पूर्वजों को याद किया जाता है. कहा कि पूजा पाठ के माध्यम से गांव की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की जाती है. इस अवसर पर चडरी सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि हर मौजा के हर एक गांव में गांव देवती पूजा की व्यवस्था सैकड़ों काल से पूर्वजों द्वारा की जाती रही है. आज भी आदिवासी समाज इस रूढ़िवादी व्यवस्था को मानते आ रहे हैं.

### महिला जागृति ने शीतलनाथ भगवान के दर्शन किये



**रांची।** जैन महिला जागृति ने सोमवार को जैन समाज अपने सदस्यों के लिए नव वर्ष के उपलक्ष्य में इटखोरी दर्शन पिकनिक यात्रा आयोजित की गई. जिसमें संस्था की 105 सदस्यों ने इटखोरी में शीतल नाथ भगवान के दर्शन और पूजा कर अपना सौभाग्य बढ़ाया. संस्था की अध्यक्ष मोनिका ठोलिया और मंत्री स्मिता पांड्या के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन दर्शन पिकनिक ग्रुप की प्रभारी साधना बड़जात्या, विनीता सेठी, सूची गंगवाल, मधु अजमेरा और डिंपल छाबड़ा के द्वारा किया गया. इस अवसर पर सदस्यों ने दर्शन पूजा, अल्पाहार स्वल्पाहार और गेम आदि कई तरह के मनोरंजन कार्यक्रमों का भी आनंद उठाया.

### रैली में पवित्र कडसा का हुआ अपमानः फूलचंद

**रांची।** आदिवासी एकता महारैली में आदिवासियों के प्रतीक चिह्नन पर हुए खिलवाड़ को लेकर केंद्रीय सरना समिति के कचहरी के आरटीआई बिल्डिंग में एकदिवसीय बैठक आयोजित की गयी. अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष फुलचंद तिर्की ने कहा कि 4 फरवरी को आदिवासी एकता रैली में आदिवासियों के प्रतीक चिह्न का अपमान किया गया है. क्योंकि आदिवासी एकता रैली कांग्रेस पार्टी द्वारा बुलाया गया था. इसमें पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की, गीताश्री उरांव, प्रेमशाही मुंडा, अजय तिर्की और शिव कच्छप ने आदिवासी समाज के धार्मिक प्रतीक चिह्न सरना झंडा और पवित्र कडसा का उपयोग कर धार्मिक चिह्न के साथ खिलवाड़ किया है.

### 13 को शिक्षा सचिव से मिलेंगे शिक्षक

**रांची।** अशोक विहार में सोमवार को अमरनाथ झा की अध्यक्षता में एमएसीपी संघर्ष मोर्चा में शामिल शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई. संयोजक अमीन अहमद व प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने कहा कि मोर्चा ने राज्य के प्राथमिक, माध्यमिक एवं प्लस 2 विद्यालय के सभी संवर्ग के शिक्षकों को बिहार की तर्ज पर एमएसी 2010 का लाभ देने का अनुरोध सरकार एवं सदन के सभी फोरम पर करते आ रहे हैं. इस मुद्दे पर शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल 13 को शिक्षा सचिव से मिलेगा.

### एसआर डीएवी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया. कक्षा एलकेजी से सातवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया. समारोह का शुभारंभ प्राचार्य एसके मिश्र ने ध्वज झंडोत्तोलन के साथ किया. इसके बाद प्राचार्य ने रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर खेल शुरू होने की घोषणा की. सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने आकर्षक पिरामिड बनाकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया. इसके बाद कराटे का प्रदर्शन किया गया. स्कूल के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का महत्त्व भी बढ़ता जा रहा है.

### गुरु रविदास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने दीपक

**रांची।** झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा का चुनाव डोरंडा स्थित इस्लामिया गर्ल्स स्कूल परिसर में सोमवार को संपन्न हुआ. चुनाव रविवार हुई. वोटों की गिनती पूरी कर, चुनाव के परिणाम घोषित किये गये. जिसमें



दीपक कुमार रवि विजय हुए. दूसरे स्थान पर टिंकु राम, तीसरे स्थान पर सोहेल राम, चौथे स्थान पर सुरेन राम व पांचवें स्थान पर उमेष रवि रहे. चुनाव परिणाम की घोषणा एवं दीपक कुमार रवि को प्रमाण पत्र किशोर रवि अध्यक्ष चुनाव कमेटी के द्वारा दिया गया. किशोर रवि अध्यक्ष चुनाव कमेटी सहित चुनाव कमेटी के सभी सदस्यों, जिला प्रशासन समेत इस्लामिया गर्ल्स स्कूल प्रबंधन के सहयोग से शांतिपूर्ण सफल एवं निष्पक्ष चुनाव कराने क लिए एवं भारी संख्या में रविदास परिवार को मतदान में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया.

## अभिनेता अनूप सोनी ने फिल्म की खासियत साझा की

# एमिटी विवि में विद्यार्थियों को फिल्म मिर्ग का ट्रेलर दिखाया

संवाददाता। रांची



नयासराय स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी में फिल्म मिर्ग का ट्रेलर विद्यार्थियों को दिखा कर इसकी खासियत साझा की गयी. सोमवार को फिल्म के अभिनेता अनूप सोनी, अभिनेता व निर्माता श्वेताभ सिंह, निर्देशक तरूण शर्मा, प्रोड्यूसर ऋषि आनंद ने फिल्म की पहलू को बारीकी से समझाया. फिल्म से संबंधित कई प्रश्न विद्यार्थियों ने पूछे. अभिनेता व निर्देशन से उनके सवालों का जवाब दिया. बताया कि आप पहले अपने लक्ष्य का चयन करें, कि हमे करना क्या है. पूरा फोकस अपने लक्ष्य पर लगा दें, फिर देखियेगा मेहनत रंग लायेगी और आप की मनचाही मंजिल आपकी कदम चूमेगी. लेकिन इसके लिये हर परिस्थिति के लिये आप को तैयार होना होगा, अपने लक्ष्क को हासिल करने में आप मुश्किल से मुश्किल आने वाले पड़ाव से घबराये व डरेंगे नहीं तो आप एक दिन सफल जरूर होंगे.

इस अवसर पर फिल्म के अभिनेता अपून सोनी ने कहा कि इस फिल्म में गाने नहीं हैं. लेकिन फिल्म में आप को वास्तविक की झलक होगी. फिल्म में चार कैरेक्टर की अहम भूमिका है, 9 फरवरी को फिल्म मिर्ग रिलीज होगी. फिल्म में एक्शन, कॉमेडी रियालिटी है. जिसे परिवार के साथ देखा जा सकता है. डायरेक्टर तरूण शर्मा ने कहा कि मिर्ग हिमाचल में तेदुवे को मिर्ग कहते हैं. फिल्म का शीर्षक इसे ही बनाया है. बताया गया कि एक जानवर का बच्चा कैसे बड़ा होता, आने वाले अलग अलग स्थितियों में अपने को कैसे फेस करता है. उसे एक कैटेगरी में रख कर फिल्म का रूप दिया गया है.

चार कैरेक्टर के इर्द गिर्द घूमती है पूरी फिल्म. पूरी कहानी अभी ही बता देंगे तो फिर बचेगा क्या इसलिये 9 फरवरी को आप थियेटर जाये और फिल्म का आनंद लें. अभिनेता व निर्माता श्वेताभ सिंह ने कहा कि फिल्म मिर्ग पूरी तरह से साफ सुथरी फिल्म है. इसे परिवार के संग बैठ कर देखा जा सकता है. इस फिल्म से आप को ऐ अलग ही सीख मिलेगी. अन्य फिल्मों से हट कर इसकी कहानी है. मेरा मानना है कि इसे बेहद पसंद किया जायेगा.

### मेहनत कर फिल्म जगत में अपनी अलग पहचान बनायी : अनूप सोनी

रेहान अहमद। रांची

बॉलीवुड फिल्म मिर्ग के अभिनेता अपून सोनी ने दैनिक शुभम संदेश से फिल्म को लेकर चर्चा की. अभिनेता अनूप सोनी ने कहा कि 27 साल की उम्र में मुंबई आया. उस समय तो इतने चैनल भी नहीं थे. तब अपनी मेहनत व लग्न से फिल्मी जगत में अपनी पहचान बनायी और अपना मुकाम स्थापित किया. काफी मेहनत के बाद एक ड्रामा सीरियल से अपने किरदार की शुरूआत की. फिर धीरे धीर जब पकड़ अच्छी होने लगी तो लोग मेरे किरदार को पसंद करने लगे. तो फिर कुछ अलग करने का विचार आया. फिर क्राइम पेट्रोल धारावाहिक शुरू किया. पहले तो घबराया कि लोग अधिकतर सास बहू, कॉमेडी समेत महिलाओं पर आधारित सीरियल देखते हैं. जबकि क्राइम पेट्रोल में चाकू, हत्या, खून रहेगा तो क्या कोई पसंद करेगा. फिर आगे बढ़ा. समाज के आसपास होने वाली ऐसी घटनाओं को क्राइम पेट्रोल में पेश किया, जो असरदार रहा. लोगों ने काफी पसंद किया. इस तरह लोगों की पसंद ने मेरी हिम्मत बढ़ाई और फिर अभिनय करते करते इस पेशे में महारत हासिल करते गए. इस तरह कई सीरियल और कर चुका हूं. कई फिल्मों में भी काम किया, लोगों की सराहना मिली. हमने प्रोड्यूसर श्वेताभ सिंह, डायरेक्टर तरुण शर्मा व प्रोड्यूसर ऋषि के साथ मिल कर फिल्म मिर्ग बनाया है.

### ईश्वर से संयुक्त होकर उसकी योजना को पहचानें

**रांची।** साधना सदन चिआंकी में सोमवार को 28वें धर्मप्रांतीय महिला आमसभा का सफल समापन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अनुष्ठाता रांची महा धर्मप्रान्त के महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो ने मिस्सा बलिदान अर्पित किया. उन्होंने अपने उपदेश कहा कि प्रभु के सुसमाचार के प्रचार में हमारी माताएं ही परिवार में विशेष भूमिका निभाती हैं. इसलिए प्रार्थना के द्वारा ईश्वर से संयुक्त होकर उसकी योजना को पहचानें और ईश्वर की इच्छा पूरी करने के लिए ईश्वर से प्राप्त शक्ति के द्वारा इस जिम्मेदारी को पूरा करें. डाल्टनगंज धर्मप्रान्त के सभी पल्ली से कई माताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया.

### गेहूं संस्थान के निदेशक ने किया बीएयू का भ्रमण

**रांची।** भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के निदेशक डॉ ज्ञानेंद्र सिंह ने रविवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्र का भ्रमण किया और पर्यवेक्षण के क्रम में गेहूं फसल संबंधी शोध कार्यक्रमों की सराहना की. उन्होंने विश्वविद्यालय के पश्चिम सेक्शन में लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में लगाए गए विभिन्न प्रायोगिक फसलों की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा शोध कार्यों के और बेहतर एवं प्रभावी संचालन के लिए संबंधित वैज्ञानिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. यहां एक एकड़ क्षेत्र में बीएयू द्वारा विकसित प्रभेद बिरसा गेहूं-4 के प्रजनक बीज उत्पादन का कार्यक्रम भी चल रहा है.

### झारखंड के किसान बहुत मेहनती हैं : सिंह

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के बागवानी विभाग में सोमवार को व्यावसायिक पुष्प उत्पादन विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण में लोहरदगा, रांची एवं खूंटी जिले के 30 किसानों ने भाग लिया, जिसमें अधिकांश महिलाएं थी. प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए पुष्पविज्ञान अनुसंधान निदेशालय, पुणे के वरीय वैज्ञानिक डॉ गणेश कदम ने गेंदा, गुलाब और जरबेरा के अलावा मोगरा, रजनीगंधा और गुलदाउदी का व्यावसायिक उत्पादन करने पर जोर दिया. साथ ही इन पुष्प फसलों की उन्नत किस्मों तथा व्यावसायिक संभावनाओं पर प्रकाश डाला.

### जेसीआई रांची यूथ की अध्यक्ष बनीं सोनल

**रांची।** होटल रिट्रीट कॉन्टिनेंटल में जेसीआई रांची यूथ के संपन्न हुए शपथ ग्रहण समारोह में सर्वसम्मति से सोनल अग्रवाल अध्यक्ष चुनी गईं. वहीं सचिव रिचा जालान व सारे पदधारियों को उनका कार्यभार सौंपा गया. उनका शपथ ग्रहण कराया गया. पूर्व अध्यक्ष कुशा जालान ने नई टीम को शपथ दिलाई. मुख्य अतिथि के रूप में जेसीआई इंडिया की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राखी जैन, मंडल तीन के उपाध्यक्ष देवेश नागोरी, संस्था के पूर्व अध्यक्ष अंकित अग्रवाल व प्रतीक भदानी एवं शहर से आए अन्य संस्थाओं के लोग शामिल थे. मौके पर अदिति भदानी, अदिति सिंघानिय मौजूद थे.

### झारखंड बोर्ड की मैट्रिक-इंटर परीक्षा आज से

**रांची।** जैक बोर्ड की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा मंगलवार छह फरवरी से शुरू हो रही है. राज्य के 24 जिलों में 1978 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं. के लिए 1238 और इंटर के लिए 740 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं. वहीं रांची जिले में लगभग 157 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं. जिले में मैट्रिक के लगभग 40,000 और इंटर के 30,000 स्टूडेंट्स के लिए क्रमशः 100 और 57 परीक्षा केंद्र बने हैं. मैट्रिक परीक्षा में 4,21,678, जबकि इंटर में 3,44,842 छात्र शामिल होंगे. परीक्षा 6 फरवरी से 26 फरवरी तक चलेगी.

## संत माइकल पब्लिक स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी



रांची । अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड स्थित संत माइकल पब्लिक स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि रामाकांत प्रसाद एवं डॉ. पदमा मुखर्जी ने संयुक्त रूप से फीता काटने के बाद दीप प्रज्जवलित कर किया. कक्षा पांचवीं से नौवीं तक के छात्रों द्वारा बनाए गए करीब 60 से अधिक मॉडल तथा जूनियर सेक्शन के बच्चों द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट पर 200 से अधिक मॉडल कार्यक्रम में प्रदर्शित किए गए. प्रदर्शनी में 11 मॉडल्स को पुरस्कार के लिए चयनित किया गया. चयनित मॉडल्स में से सातवीं कक्षा द्वारा बनाए गए 'चंद्रयान मॉडल' को प्रथम पुरस्कार दिया गया. वहीं अन्य मॉडलों में 'रेल दुर्घटना निवारण प्रणाली', ''मानव हृदय प्रणाली', 'पवन ऊर्जा संयंत्र' एवं 'स्वचालित अग्निशामक यंत्र', 'जल स्तर सूचक' एवं ऊर्जा कुशल स्मार्ट सिटी, 'जल विद्युत संयंत्र', 'लेजर प्रकाश सुरक्षा प्रणाली', 'हाइड्रो पावर जेसीबी' शामिल है. वहीं इसके साथ ही साथ इस कला प्रदर्शनी गैलरी में बच्चों के बनाए स्नो हाउस, नाव, कूलर, संत माइकल थर्मोकोल मॉडल, पर्स, घर, फन पार्क, पेंसिल स्टैंड, कंप्यूटर, कली रेनबो वॉल, हैंगिंग रेनबो राइस, फ्लावर पॉट, पार्क वॉल, हैंगिंग फोटो स्टैंड लोगों के आकर्षण का केंद्र बना.

### मिलने लगा भगवान श्रीराम का डाक टिकट

**रांची।** राजधानी रांची के शहीद चौक स्थित डाकघर में सोमवार से श्रीराम भगवान का डाक टिकट मिलना शुरू हो गया है. इस टिकट की किमत 100 रुपये रखी गई है. देश भर के डाक घरों में इसकी मांग को देखते हुए डाक विभाग इस काम में कई दिनों से जुटा हुआ था. राम भगवान के डाक टिकट की मांग पहले ही दिन से शुरू हो गई है. शुरू दिन करीब एक दर्जन लोगों ने टिकट खरीदा. 22 जनवरी के बाद से रोजाना 15 से 20 लोग टिकट के संबंधित जानकारी लेने डाक घर पहुंच रहे थे. लेकिन टिकट ना होने के कारण उन्हें लौटना पड़ता था. जानकारी देते हुए डाकघर के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवारी को लांच किया था. जिसके बाद से देश भर में लोग इस टिकट को खरीदने के लिए पोस्ट ऑफिस पहुंचने लगे थे. इन टिकट की प्रिंटिंग दिल्ली, नासिक और पुणे के प्रिंटिंग प्रेस में शुरू हो चुकी है. छपाई का काम तेजी से हो रहा है. साथ ही सभी डाक घरों में यह डाक टिकट उपलब्ध हो चुका है.

## डीएवी हेहल में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चला

संवाददाता। रांची



डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत 'भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण' (एनएचएआई) के तत्वावधान में केसीसी बिल्डकॉन की टीम ने छात्रों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें साझा की. इस अवसर पर 'एनएचएआई' की प्रोजेक्ट मैनेजर एकता कुमारी ने बताया कि हमें हमेशा सड़क पर बाईं ओर चलना, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनना, साइकिल पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव पट्टी लगाना, स्पीड को नियंत्रण में रखना, कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना व ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए. उन्होंने बच्चों को बताया कि जिस तरह कुम्हार कच्ची मिट्टी को सुंदर आकार देता है, उसी तरह छोटे बच्चों को अच्छी बातें सिखाना आसान होता है.

### विश्व कैंसर दिवस पर छात्रों ने किया कैंसर अस्पताल का भ्रमण

**रांची।** 'विश्व कैंसर दिवस' पर डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, के नवमी कक्षा के 51 छात्र-छात्राओं को कटहल मोड़ स्थित आरजेएसपी कैंसर हॉस्पिटल का भ्रमण कराया गया. भ्रमण के दौरान मार्गदर्शक के तौर पर शिक्षक अजीत कुमार और



शिक्षिका महजबीं खानम विद्यार्थियों के साथ रहीं. वहीं विद्यार्थियों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि विभिन्न तरह के रोगियों से मिलकर उनकी व्यथा समझने का मौका मिला. उनमें से कई ऐसे थे जो हिम्मत के बल पर अपनी बीमारी के साथ संघर्षरत थे तो कई ऐसे भी थे जो अपनी बीमारी को असाध्य समझकर हिम्मत हार चुके थे. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि ऐसी जगहों पर जाने और ऐसे लोगों से मिलने से हमारे समग्र व्यक्तित्व के विकास में सहायक होता है.

**प्रतियोगिता** विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता शामिल थीं

# संत जॉन्स स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

संवाददाता। रांची

चौथा वार्षिक खेल दिवस का आयोजन सोमवार को रांची के पुरूलिया रोड स्थित संत जॉन्स स्कूल मैदान में किया गया. इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा थीं. खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत टीचर अनिकेत कुजूर के नेतृत्व में मार्च पास्ट कर किया गया. चौथे वार्षिक खेल दिवस में बच्चों में काफी उत्साह नजर आया. खेल में टग ऑफ वार, हर्डल रेस, रिले रेस एवं अन्य खेल हुए. खेल में स्कूल के दीदी और बस ड्राइवर भईया एवं अभिभावकों में माता पिता के लिए रेस का आयोजन किया गया. खेल के साथ ही बच्चों ने डांस एवं नाटक के माध्यम से मानव तस्करी और ड्रग और अल्कोहोल के ज्यादा इस्तेमाल के नुकसान के बारे में दिखाया. विजेता बच्चों को अंत में मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर फादर. एरेंटियस मिंज एसजे, प्राचार्या दीपशिखा तिर्की, फादर जस्टिन तिर्की एसजे, फादर बिनोद टोप्पो, फादर ब्राइस बिलुन, फादर सिकंदर केरकेट्टा, पेट्रीसिया एन नाग, ब्रदर रोहित डुंगडुंग, आयुष मुंडा, कुमारी राशि किस्पोट्टा, रश्मि रीना, आराधना बेक, एलिस टोपनो एवं अन्य शिक्षक शिक्षिका शामिल थे. इस अवसर पर असुंता लकड़ा ने बच्चों को अपनी प्रेरणादायक सफर को साझा करते हुए कहा कि अनुशासन एवं लगातार कड़ी मेहनत और टीम वर्क जैसे गुण कुछ ऐसी सीख है, जिन्हें कोई भी खेल से सीख सकता है. कहा कि खेल के मैदान से मिलने वाली सीख से आप अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं.

### लिया भाग

- खेल दिवस पर बच्चों में काफी उत्साह नजर आया
- शिक्षक अनिकेत के नेतृत्व में स्टूडेंट्स ने मार्च पास्ट किया

**खेल प्रतियोगिता के परिणाम**

### चौथे वार्षिक खेल दिवस के विजेता

- ओवरऑल चैंपियन – जेवियर हाउस
- उपविजेता – लोयोला और ब्रिटो हाउस
- सर्वोत्तम अनुशासन – बार्कमैन्स हाउस



- सर्वश्रेष्ठ एथलीट जूनियर वर्ग – प्रिंस लकड़ा (लड़के), अनुकृति लकड़ा (लड़कियां)
- सर्वश्रेष्ठ एथलीट सब सीनियर वर्ग – अशोक रोहित लकड़ा (लड़के), रुचि तिग्गा (लड़कियां)
- सर्वश्रेष्ठ एथलीट सीनियर वर्ग– निखिल लकड़ा (लड़के), सारा मेन्ज़ेस (लड़कियां)

# मारवाड़ी कॉलेज के संस्थापक गंगा प्रसाद की 120वीं जयंती मनाई गई

संवाददाता। रांची



मारवाड़ी महाविद्यालय में सोमवार को कॉलेज के संस्थापक स्व गंगा प्रसाद बुधिया की 120वीं जयंती मनाई गई. कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि आज के समय में गंगा बाबू के जीवन से शिक्षा लेकर काम करने की प्रेरणा लेने के लिए ही हमलोग उनकी जयंती मना रहे हैं. सादा जीवन उच्च विचार की भावना से उन्होंने इस कॉलेज का निर्माण कराया है.

जिससे 18 हजार छात्र छात्रा पढ़ रहे हैं. इस कॉलेज में झारखंड के सबसे अधिक नामांकन के आवेदन आते हैं. यहां से पढ़े लोग पूरे विश्व में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं. मारवाड़ी शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार बंका, कन्या पाठ शाला के सचिव वेद प्रकाश बागला ने अपने उद्गार व्यक्त किए. विश्वनाथ नरसरिया ने संचालन किया. कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर आरआर शर्मा, डॉ रोनाल्ड खालको, डॉ उमेश कुमार, डॉ राजीव रजक, डॉ एम सारंगी, अनुभव चक्रवर्ती महोदय सहित कई लोगों ने गंगा बाबू के कार्यों की चर्चा की.

## ब्रीफ खबरें

### डीएसपी के तबादले का आदेश विलोपित

**रांची।** डीएसपी राजेंद्र दुबे का तबादला और भोला सिंह की पोस्टिंग का आदेश विलोपित कर दिया गया. इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सोमवार देर रात जारी कर दी गयी है. जारी आदेश में कहा गया है कि डीएसपी राजेंद्र कुमार दुबे को अगले आदेश तक डीएसपी मुख्यालय गोड्डा के पद पदस्थापित किया जाता है, जबकि जयप्रकाश नारायण चौधरी पहले की तरह डीएसपी गोड्डा के पद पर पदस्थापित रहेंगे. दूसरी ओर डीएसपी भोला प्रसाद सिंह की पोस्टिंग को विलोपित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक डीएसपी मुख्यालय जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित किया गया.

### हर बूथ पर जाकर जनसंपर्क करें : सृष्टिधर

**सिल्ली/मुरी।** भारतीय जनता पार्टी के पतराहातू मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर कुम्हार के नेतृत्व में गांव चलो अभियान के तहत बैठक की गई. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सृष्टिधर कुम्हार ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत हर एक बूथ पर जाकर लोगों से संपर्क करें एवं केंद्र की योजनाओं के बारे में जानकारी दें. मौके पर मंडल के प्रभारी रघुवीर प्रसाद महतो, विधानसभा विस्तारक मनीष कुमार, वासुदेव महतो, अशोक कुमार पोद्दार, भागीरथ महतो, नरेश महतो, कैलाश महतो, हरिहर महतो, गुलाब राधानाथ, पंकज, चंद्रावली देवी, बीना देवी, कमलनाथ महतो आदि थे.

### चंपई ने भाजपा को दिया करारा जवाब : नायक

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने चंपई सोरेन द्वारा विश्वास मत हासिल करने पर कहा कि यह विश्वास मत भाजपा के मुंह पर तमाचा है. उन्होंने कहा कि विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर चंपई ने यह साबित कर दिया कि भले ही केंद्र सरकार झारखंड की सरकार को अपदस्थ करने का षड्यंत्र रच ले, लेकिन उनका सपना पूरा नहीं होगा. झारखंड विस में भाजपा को जवाब मिल गया है. नायक ने श्री चंपई सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि वे झारखंड के दलित, आदिवासी मूलवासी समाज के हितों की रक्षा करें.

### हाइवा की चपेट में आने से दो की मौत

**तिसरी (गिरडीह)।** तिसरी-खिजुरी मार्ग पर गम्हरियाटांड स्थित पेट्रोल पंप के पास रविवार की देर शाम हाइवा की चपेट में आने से दो बाइक सवारों की मौत हो गई. जबकि, एक की हालत गंभीर है. तीनों बरदौनी गांव के बताए जा रहे हैं. मृतक की पहचान बुधन हेम्ब्रम और तालो हेम्ब्रम के रूप में हुई है. वहीं, राजेश मरांडी घायल है. तीनों युवक बाइक से खिजुरी से तिसरी आ रहे थे. इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही हाइवा ने टक्कर मार दी. इसमें बुधन हेम्ब्रम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तालो हेम्ब्रम की इलाज के दौरान मौत हो गई.

### दयानंद आर्य स्कूल के छात्रों ने जीता गोल्ड

**मांडर।** प्रखंड के कंदरी मोड़ स्थित दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में तीसरी कक्षा से दशम तक के बच्चों ने भाग लिया. इसमें विद्यालय के कई बच्चों ने गोल्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट हासिल किया. इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. राजेश प्रसाद दत्त के द्वारा बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट वितरण किया. निदेशक ने विद्यालय के सभी बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया तथा विज्ञान के महत्व की जानकारी भी दी.

### दुर्घटनाओं के खिलाफ आजसू पार्टी का प्रदर्शन

**कतरास।** सिजुआ भेलाटांड़ में व्याप्त प्रदुषण की समस्या को लेकर आजसू पार्टी समर्थक सोमवार को सड़क पर उतर आए और भेलाटांड़ मोड़ पर टाटा स्टील कंपनी के बालू व कोयला परिवहन वाहनों को रोक दिया. साथ ही टाटा सिजुआ में कांटा घर को घेर कर बंद करवा दिया. आंदोलन से जगह-जगह वाहनो की लंबी कतार लग गई. आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सांसद प्रतिनिधि सह आजसू नेता सचिन कुमार महतो ने कहा कि नियम के विपरीत कोयला व बालु ढुलाई के प्रदूषण के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

---

संकुल साधनसेवी और मुखिया की पहल रंग लायी, छात्राओं के चेहरे पर झलकी खुशी

# साड़ी पहन स्कूली आनेवाली छात्राओं को मिला एडमिट कार्ड

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

संवाददाता। बेड़ो



राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय हरहंजी में साड़ी पहनकर विद्यालय आने वाली 16 छात्राओं को आखिरकार सोमवार को एडमिट कार्ड दे दिया गया. दरअसल, बीते दिनों ये छात्राएं विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह को लेकर साड़ी पहन कर पहुंची थीं. इसके बाद जब वह मैट्रिक परीक्षा का एडमिट कार्ड लेने प्रधान शिक्षिका के पास गईं, तो उन्होंने स्कूल ड्रेस में नहीं होने की बात कह कर एडमिट कार्ड देने से इंकार कर दिया था.

प्रधान शिक्षिका द्वारा इन छात्राओं को एडमिट कार्ड नहीं देने की खबर जब अखबार में खबर छपी, तो सोमवार को संकुल साधनसेवी विकास कुमार गुप्ता, मुखिया लक्ष्मी कोया एवं पूर्व मुखिया सुनील कच्छप विद्यालय पहुंचे. इन सभी के हस्तक्षेप एवं पहल पर सभी 16 छात्राओं को एडमिट कार्ड प्रदान किया गया. एडमिट कार्ड का वितरण संकुल साधन सेवी विकास कुमार गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं के बीच कर दिया. एडमिट कार्ड मिलने के बाद छात्राओं के चेहरे पर खुशी दिखी. सभी छात्राओं ने संकुल साधनसेवी विकास कुमार गुप्ता को धन्यवाद दिया. विकास कुमार गुप्ता ने छात्र छात्राओं को तनाव मुक्त रहने और मेहनत के बल पर मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी. वहीं मुखिया लक्ष्मी कोया पूर्व मुखिया सुनील कच्छप सहित विधायक प्रतिनिधि ने प्रधान शिक्षिका के व्यवहार पर भारी नाराजगी जताई और कहा कि प्रधान शिक्षिका अपने व्यवहार में शालीनता लाएं. छात्र-छात्राओं ने मुखिया के समक्ष शिकायत की कि मैडम गाली गलौज करतीं हैं. इस संबंध में मुखिया ने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया. कहा कि विद्यालय में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

**खास बातें**

- छात्राओं ने साधनसेवी और मुखिया को कहा धन्यवाद
- उच्च विद्यालय हरहंजी की 16 छात्राओं को मिली राहत

---

# सोनाहातू में 4 और राहे में 2 केंद्रों पर होगी मैट्रिक परीक्षा

संवाददाता। सोनाहातू/राहे



मैट्रिक परीक्षा को लेकर प्रखंड के शिक्षा विभाग और प्रखंड प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है. पहले दिन मंगलवार को वोकेशनल विषय की परीक्षा होगी. 10 फरवरी तक एक्षिक विषय की परीक्षा होगी. 12 फरवरी से सामान्य परीक्षा प्रारंभ होगी. सोनाहातू प्रखंड से 1045 परीक्षार्थी शामिल होंगे. वहीं, राहे प्रखंड से 616 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे.

सोनाहातू के 4 केंद्र, एसएस हाई स्कूल सोनाहातू में हाई स्कूल जामुदाग और हाई स्कूल बारेंदा के 318 परीक्षार्थी शामिल होंगे. बालक मध्य विद्यालय सोनाहातू में हाई स्कूल लांदुपडीह और कस्तूरबा स्कूल के 239 परीक्षार्थी शामिल होंगे. हाई स्कूल जामुदाग में हाई स्कूल बारेडीह, हाई स्कूल बारेंदा, हाई स्कूल दुलमी के 265 बच्चे शामिल होंगे. बाजारटांड़ मिडिल स्कूल में एसएस हाई स्कूल के 223 बच्चे शामिल होंगे. राहे प्रखंड में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. मिडिल स्कूल राहे में 247 तथा हाई स्कूल राहे में 369 बच्चे शामिल होंगे.

---

न्याय यात्रा के तहत ओरमांझी में राहुल गांधी ने किया रोड शो

# बुनकरों से रूबरू हुए राहुल

संवाददता। ओरमांझी





भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को ओरमांझी में रोड शो किया. उन्होंने सर्वप्रथम चुटूपालु घाटी में शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव सिंह के शहीद स्थल पर जाकर दोनों शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण एवं नमन किया. वहीं ओरमांझी पहुंचने पर जगह-जगह कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने फूल बरसा कर राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया.

जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए राहुल गांधी शास्त्री चौक होते हुए ईरबा के द छोटानागपुर हैंडलूम विवर्स को-ऑपरेटिव में रुके. यहां बुनकरों के साथ संवाद किया. बुनकरों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी केंद्र सरकार पर जमकर बरसे. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मुट्ठी भर अरबपतियों के हाथ में देश की अर्थव्यवस्था सौंप दी है. अब बहुत जल्द इस सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है. राहुल ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार ने किसानों का कर्ज माफ नहीं किया. आदिवासियों से उनके जल, जंगल और जमीन का हक भी छीन रही है. महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं. युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है. अल्पसंख्यकों के साथ उचित न्याय नहीं हो रहा है. ऐसे में वह देश के समस्त नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए निकले हैं.

मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. बिरसा उरांव, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, जिला प्रवक्ता अमाल खान, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, खिजरी विधायक के सलाहकार रमेश उरांव, जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, तौहीद आलम, तुलसी खरवार, अशोक कुमार गुप्ता, इनाम अंसारी, हुसैन अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी, आदि मौजूद रहे.

**साधा निशाना**

- देश के नागरिकों के साथ अन्याय कर रही मोदी सरकार
- मुट्ठी भर अरबपतियों के हाथ में देश की अर्थव्यवस्था
- आदिवासियों से छीना जा रहा जल, जंगल, जमीन का हक

### 2024 में मजबूत स्थिति में पहुंचेगी कांग्रेस : अमाल



**ओरमांझी।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ब्लॉक चौक पर जिला प्रवक्ता अमाल खान के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने ढोल-बाजे और नगाड़े के साथ राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया. इस मौके पर अमाल खान ने कहा कि राहुल गांधी झारखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा से देश में एक नई ऊर्जा पैदा हुई है. 2024 में झारखंड और देश में कांग्रेस एक मजबूत स्थिति में पहुंचेगा. देश में नफरत की राजनीति खत्म होगी और मोहब्बत की राजनीति की शुरुआत होगी. इस मौके पर मौजूद हजारों लोग राहुल गांधी राहुल गांधी के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे. ईरबा से निकलने के बाद राहुल गांधी धुर्वा स्थित शहीद मैदान में सभा को संबोधित करने के लिए निकल गए. मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, सुधा देवी, मुबारक अंसारी, हरिमोहन महतो, रमेश उरांव, कमिश्नर मुंडा समेत हजारों कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे.

---

सरस्वती विद्या मंदिर, गेतलसूद में 10वीं कक्षा के छात्रों को दी विदायी

# मैट्रिक परीक्षा कॅरियर का पहला पड़ाव

संवाददाता। अनगड़ा



सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, गेतलसूद में सोमवार को समारोह आयोजित कर 10वीं कक्षा के भैया-बहनों को विदाई दी गयी. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा रांची जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी व प्रधानाचार्य सेवाराम महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस अवसर पर विद्यायल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए. विद्यायल परिवार की ओर से सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया. मनोज चौधरी ने कहा कि विदाई की घड़ी हमेशा दुखदायी होती है, फिर भी इसे हम सभी को निभानी पड़ती है. उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैट्रिक की परीक्षा छात्र- छात्राओं के कॅरियर निर्माण का पहला पड़ाव होता है. अपनी मेहनत, लगन, आत्मविश्वास और ईमानदारी के साथ सफलता प्राप्त कर अपने परिवार, पंचायत, स्कूल और राज्य का नाम रोशन करें. प्रधानाचार्य सेवाराम महतो ने कहा कि आप सभी बच्चे अपने जीवन मे आगे बढ़े. उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. मौके पर आचार्य रामचंद्र महतो, वीरेंद्र कुमार यादव, सुखदेव महतो, रंजीत महतो, बेबी रानी महतो,सुधा गोस्वामी, राधा महतो, शिवशंकर महतो, सहित अन्य उपस्थित थे.

### 19 एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट की गयी

**तमाड़।** एसएसबी और तमाड़ पुलिस ने संयुक्त अभियान चला कर करीब 19 एकड़ में लहलहा रही अफीम की फसल को विनिष्ट किया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सारुबेड़ा के आसपास जंगली क्षेत्रों में बृहद पैमाने पर अफीम की खेती की गई है. सूचना के आधार पर एसएसबी 26 वीं वाहनी की कंपनी और तमाड़ पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर अफीम की फसलों को नष्ट किया. इस दौरान स्थानीय लोगों से अफीम की खेती नहीं करने की अपील भी की गई. इस अभियान में एसएसबी के सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय, सहायक उप निरीक्षक वांगरोई वांगनों, विष्णु दास, आरक्षी रितेश कुमार सिंह, तमाड़ थाना के सहायक उप निरीक्षक सांगा सहित दर्जनों जवान शामिल थे.

# आयुर्वेद एवं पंचकर्म से कराएं दबे नसों का इलाज : डॉ ऋषि

संवाददाता। रांची



साईं बालाजी आयुर्वेदिक पंचकर्म हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक डॉ ऋषि ने बताया कि आने वाले बसंत पंचमी यानी वसंत ऋतु में वमन द्वारा अपना ऋतु शोधन करवायें एवं त्वचा रोग, मोटापा, भूख की कमी व अस्थमा और शुगर जैसी जटिल बीमारियों से अपने आप को बचायें. डॉ ऋषि ने बताया कि इस अस्पताल की मुख्य विशेषता शुद्ध आयुर्वेद एवं पंचकर्म के माध्यम से तमाम प्रकार के दबे हुए नस, जोड़ों के दर्द का सफलतापूर्वक इलाज संभव है. बिना ऑपरेशन के अब तक 300 से भी अधिक वैसे मरीज, जिनका नस दब गया था, उनका इलाज किया गया. सभी पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं. डॉ ऋषि ने तमाम झारखंड वासियों के स्वस्थ रहने की कामना की है.

**हेल्थ अलर्ट**

- बिना ऑपरेशन के अब तक 300 से अधिक मरीज का इलाज
- जटिल बीमारियों से अपने आप को बचाने की अपील

---

# मजदूरों में लोकप्रिय थे हरिशंकर सिंह

संवाददाता। डकरा



मजदूर नेता हरिशंकर सिंह अपने संगठन और मजदूरों के बीच काफी लोकप्रिय थे. इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि वे लगातार 30 सालों तक सीसीएल सलाहकार समिति के सदस्य रहे और एनके एरिया का डकरा उनका प्रथम कर्म क्षेत्र रहा. इसलिए यहां के लोगों की भावनाएं उनसे जुड़ी हुई थीं. उक्त बातें एनके एरिया के महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने कही.

वे सोमवार को महाप्रबंधक कार्यालय में हरिशंकर सिंह के निधन पर आयोजित शोक सभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. मुख्य कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुमार ने बताया 28 जनवरी को उनके निधन के बाद सीसीएल के सभी एरिया में कंपनी परिवार के लोगों ने शोक सभा कर अपनी संवेदना व्यक्त की है. इसके पहले सीसीएल सलाहकार समिति सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने उनके छात्र आंदोलन से लेकर संसदीय और श्रमिक संगठन से जुड़े कार्यों की जानकारी दी. मौके पर भीमसेन प्रसाद, मनोज श्रीवास्तव तेरेसा तिगा, विमल उरांव, ओमप्रकाश शर्मा, प्रेम गंझू, जयश्री कछप्प, निरंजन चौबे, एचके दलाई, आशा देवी जैन, सुधीर चौहान, राकेश कुमार, सुनीता देवी, राजमणी कुमारी, कोइली देवी, देवंती देवी, ललिता देवी, सरिता देवी, अभिषेक ठाकुर, आकाश कुमार, उपेंद्र नायक, विक्रम कुमार, सुशील कुमार, विकास कुशवाहा, राणा गंझू, धनराज साहू, सुलेखा कुमारी, उषा उरांव, रंजन प्रसाद, राजेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे.

**श्रद्धांजलि सभा**

- महाप्रबंधक कार्यालय में मजदूर नेता को दी श्रद्धांजलि
- छात्र आंदोलन से श्रमिक संगठन तक योगदान को किया याद

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली बंता मुख्य पथ पर कोकालगाम के समीप तेल टैंकर और बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया. मिली जानकारी के मुताबिक, बाइक पर सिंगपुर कांटाडीह निवासी अनिल महतो का पुत्र संतोष महतो (33) और मारदू निवासी जुगनू महतो का पुत्र अजय महतो (35) एक ही बाइक पर सवार होकर सिल्ली की तरफ आ रहे थे. तभी बाइक और टैंकर में जोरदार टक्कर हो गई. घटना में संतोष महतो की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, गंभीर रूप से जख्मी अजय महतो का इलाज सिंगपुर नर्सिंग होम में किया जा रहा है. उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. दोनों आपस में जीजा-साला थे. सिल्ली पुलिस ने टैंकर को जब्त कर लिया. वहीं, मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया.

---

लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई विदाई

संवाददाता। लापुंग



सरकारी नौकरी करना और बेदाग रहकर सेवानिवृत हो जाना यह चुनौती से कम नहीं है. उक्त बातें लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में लापुंग प्रखंड से सेवानिवृत्त होने वाले तीन सरकारी शिक्षकों राजेंद्र प्रसाद, नागेश प्रसाद, ज्योति कुमार एवं शशिकांत सिंह के सम्मान में आयोजित सम्मान सह विदाई समारोह के दौरान लापुंग बीडीओ इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने कही.

उन्होंने कहा कि सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों के द्वारा निभाए गए कर्तव्यों का अनुसरण बाकी सभी शिक्षकों को करने की जरूरत है. कार्यक्रगम के दौरान बीडीओ ने मोमेंटो देकर सेवानिवृत्त तीनों शिक्षकों को सम्मानित किया और उनके उत्तम स्वास्थ व दीर्घायु की कामना की. इस दौरान बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, सीआरपी मनोज कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, अजीत कुमार सिंह, मंटु कुमार साहू, सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष लाल दिलीप कुमार सिंह, भुवंजय साहू, बुधनाथ मुंडा, मो. समीउल्लाह हक सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने सेवानिवृत शिक्षकों को उपहार तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता अजप्टा लापुंग प्रखंड के अध्यक्ष अरुण कुमार नायक एवं सचिव जुबैर अंसारी संयुक्त रूप से की. कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार सिंह तथा स्वागत भाषण उदय कुमार ने किया. कार्यक्रम के दौरान लाल मिथिलेश कुमार सिंह, कैलाश पाढ़ी, फ्रांसिस मिंज, इभांजालिस्ता टोपनो, मेरी मैक्सिमा डुंगडुंग सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

**भावनीनी विदाई**

- नौकरी में बेदाग सेवानिवृत्ति चुनौती से कम नहीं : बीडीओ
- तीनों शिक्षकों को पुष्पगुच्छ व मोमेंटो देकर किया सम्मानित

---

**सूरते हाल** धनबाद रेल मंडल के 12 स्वास्थ्य केंद्रों में एक भी चिकित्सक नहीं, 4 में हैं गिने-चुने

# 260 अरब कमाने वाला रेल मंडल 30 वर्षों से बीमार

संवाददाता। धनबाद




हर साल 260 अरब रुपये कमाने और भारतीय रेलवे में नंबर वन का खिताब हासिल करनेवाला धनबाद रेल मंडल 30 वर्षों से बीमार है. 16 में 12 रेलवे स्वास्थ्य केंद्रो में एक भी चिकित्सक नहीं है. 4 केंद्रों में गिने-चुने चिकित्सक हैं, जो कभी कभार ही आते-जाते हैं. सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल मंडल के अस्पतालों के लिए पिछले 30 वर्षों से एक भी चिकित्सक की बहाली नहीं हुई है. धनबाद रेल मंडल में 189 रेलवे स्टेशनों में सिर्फ गोमो, कोडरमा, चोपन व बरकाकाना स्टेशन के पास स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक बैठते हैं. जानकारी के अनुसार धनबाद रेल मंडल में लगभग 26 हजार रेलकर्मी कार्यरत है. 26 हजार रेलकर्मी परिवार के स्वास्थ्य की चिंता रेलवे अधिकारियों को नहीं है. अधिकारी सिर्फ माल ढुलाई कर हर साल आमदनी बढ़ाने में लगे रहते हैं. पावर प्लांट व अन्य कंपनी के मालिकों के साथ बैठक नयी योजना बनाते हैं कि अधिक से अधिक कोयला पहुंचा सके, लेकिन रेलकर्मी परिवार के स्वास्थ्य की चिंता नहीं करते हैं. रेलवे अधिकारी सिर्फ रेलवे के पैनल में शामिल निजी अस्पतालों के भरोसे हैं, जो चाहते हैं कि यहीं उनका इलाज हो जाएगा. जबकि मिशन हॉस्पिटल दुर्गापुर समेत कई निजी अस्पतालों ने बकाया राशि नहीं देने पर रेलकर्मी परिवार का इलाज करना बंद कर दिया है.

- धनबाद रेल मंडल के अस्पतालों के लिए 30 वर्षों से नहीं हुई चिकित्सक की बहाली
- गोमो (मुख्य), कोडरमा, चोपन व बरकाकाना स्वास्थ्य केंद्र में बैठते हैं चिकित्सक

### अधिकारियों ने रेलवे अस्पतालों को सुपर स्पेशियलिटी बनाने के कई बार किये दावे

रेलवे के आला अधिकारी कई बार दावे कर चुके हैं कि रेलवे अस्पतालों को महानगरों के तर्ज पर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनायेंगे, ताकि सभी बीमारी का इलाज हो सके, लेकिन वर्तमान में एक्स-रे छोड़कर कोई जांच नहीं की सुविधा नहीं है. अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन समेत रक्त-मूत्र के कई प्रकार की जांच निजी लैब में होता है, जो रेलवे के पैनल में शामिल है. धनबाद मंडल के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सब-डिवीजनल अस्पताल, पतरातू में कुछ सुविधाएं हैं, परंतु चिकित्सक नहीं है. गोमो (मुख्य), कोडरमा, चोपन व बरकाकाना स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक बैठते हैं, लेकिन गझंडी, हजारीबाग रोड, गोमो (लोको), भूली, धनबाद (लोको), पाथरडीह, कतरासगढ़, पतरातू (डीजल), टोरी, बरवाडीह, गढ़वा रोड व सिंगरौली स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नहीं हैं. यहां रिटायर होने के बाद चिकित्सकों की बहाली नहीं हुई. रेलवे के अधिकारी तो बड़े अस्पतालों में इलाज करा लेते हैं, लेकिन सुदूर इलाकों में काम करनेवाले रेलकर्मी व उनके परिवार के सदस्यों को काफी परेशानी होती है.

---

# असंवैधानिक कार्य कर रहीं जांच एजेंसियां : अनिता गंझू

संवाददाता। डकरा



रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया अंबेडकर की झारखंड महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता गंझू ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियां के द्वारा झारखंड में संविधान का माखौल उड़ाया जा रहा है. एक आदिवासी मुख्यमंत्री को बेवजह परेशान कर इस्तीफा देने पर मजबूर कर दिया गया. कहा कि भाजपा केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर विपक्षी पार्टियों का समूल नाश करने पर तुली है. भाजपा में कोई भ्रष्टाचारी चला जाए, तो वह शुद्ध गंगा के समान हो जाता है. वहीं दूसरी पार्टियों में रहे, तो वह भ्रष्टाचारी और व्यभिचारी कहलाता है. उन्होंने यह भी कहा कि संविधान और कानून सबके लिए समान है. वहीं झारखंड में चंपई सोरेन सरकार द्वारा बहुमत साबित करने पर बधाई दी.

**लगाया आरोप**

- विपक्षी पार्टियों का समूल नाश करने पर तुली है भाजपा
- चंपई सरकार को बहुमत साबित करने पर बधाई दी

